CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890


वर्ष - 01 | अंक - 126 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 25 अक्टूबर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## राजस्थान में नगरीय निकाय चुनाव: मुखिया का चुनाव इस बार भी सीधा नहीं होगा

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान में नगरीय निकायों नगर पालिका, नगर परिषद और नगर निगम के चुनाव को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। इस बार भी सबसे बड़ी बहस इस बात पर है कि निकाय प्रमुख अध्यक्ष, सभापति और मेयर का चुनाव प्रत्यक्ष तौर पर होगा या अप्रत्यक्ष । हालांकि, शुक्रवार को यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने स्पष्ट कर दिया कि इस बार भी मुखिया का चुनाव अप्रत्यक्ष ही रहेगा।

मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इस बार दो विकल्पों पर विचार किया गया था। उन्होंने बताया, हमारे पास दो तरह के विचार आए थे। पहले समय में हमने सीधे चुनाव करवाने का निर्णय लिया



और प्रत्यक्ष चुनाव भी कराए। लेकिन इसमें बड़ी समस्याएं सामने आईं। कई बार मुखिया किसी एक विचारधारा का निर्वाचित हुआ, जबकि बोर्ड किसी अन्य विचारधारा वाला चुना गया। इस कारण पूरे पांच साल तक खींचतान चलती रही।

मंत्री ने कहा कि अगर भविष्य में इस खींचतान का कोई समाधान निकलता है तो उस पर विचार किया जाएगा। अन्यथा, वर्तमान में लागू अप्रत्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया के तहत ही काम किया जाएगा।

### 2009 में हुए थे सीधे चुनाव

साल 2009 में गहलोत सरकार के दूसरे कार्यकाल में नगरीय निकायों में मुखिया के चुनाव प्रत्यक्ष तौर पर कराए गए थे। उस समय जयपुर नगर निगम में बोर्ड भाजपा का निर्वाचित हुआ, जबकि मेयर कांग्रेस की जीत दर्ज की गई थी। इसके चलते बोर्ड और मेयर के बीच विवादों की लंबी श्रृंखला चली और लंबे समय तक नगर निगम में संचालन समितियां भी नहीं बन सकीं।

### 309 नगरीय निकायो में एक साथ चुनाव की संभावना

राज्य में अगले साल 309 नगरीय निकायों में एक साथ चुनाव कराने की संभावना है। वर्तमान में अधिकांश निकायों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और उन पर प्रशासक नियुक्त हैं। वहीं, फरवरी तक 141 नगरीय निकायों का कार्यकाल और पूरा हो जाएगा, जिससे सरकार को अगले साल बड़ी संख्या में चुनाव कराने का अवसर मिलेगा।

## कोटा में युवकों ने मगरमच्छ को पीटा, मुंह टेप से बांधा

**वन विभाग को सूचना दिए बिना खुद किया रेस्क्यू, अब होगी कानूनी कार्रवाई**



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

शहर के बोरखेड़ा थाना क्षेत्र के देवली अरब इलाके में गुरुवार देर रात एक 3 से 4 फीट लंबे मगरमच्छ के घुसने से सनसनी फैल गई। लेकिन वन विभाग को सूचना देने के बजाय कुछ युवकों ने खुद ही मगरमच्छ को पकड़ने की कोशिश की, उसे पीटा और मुंह टेप से बांध दिया। इस दौरान युवकों ने वीडियो बनाते हुए हंसी-मजाक भी किया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

वीडियो में एक युवक मगरमच्छ को गोद में उठाकर कैमरे के सामने पोज देता दिख रहा है, जबकि बाकी युवक फोटो खींचने और मज़ाक करने में जुटे हैं। बताया जा रहा है कि इस घटना में मगरमच्छ घायल हो गया। फिलहाल युवकों की पहचान नहीं हो पाई है।

वन विभाग के डीएफओ अनुराग भटनागर ने बताया कि मगरमच्छ दिखने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देना जरूरी होता है, लेकिन युवकों ने लापरवाही दिखाते हुए स्वयं रेस्क्यू का प्रयास किया और वन्यजीव को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि वीडियो में युवकों का व्यवहार अत्यंत आपत्तिजनक है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

भटनागर ने लोगों से अपील की कि इस तरह की स्थिति में किसी भी वन्यजीव को छूने या परेशान करने के बजाय तुरंत वन विभाग को सूचना दें, ताकि उसे सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया जा सके।

## राजस्थान सरकार का बड़ा फैसला : जयपुर, जोधपुर और कोटा नगर निगमों में अब प्रशासक संभालेंगे कमान

**तीनों निगमों का कार्यकाल 9 नवंबर को होगा समाप्त, नए बोर्ड के गठन तक संभागीय आयुक्त होंगे प्रभारी**

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार ने राज्य के तीन बड़े नगर निगमों जयपुर, जोधपुर और कोटा में प्रशासनिक बदलाव का बड़ा निर्णय लिया है। स्वायत्त शासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के तहत इन नगर निगमों में अब तक चुने हुए बोर्डों की जगह प्रशासक शासन का संचालन संभालेंगे। यह व्यवस्था 9 नवंबर 2025 को वर्तमान बोर्डों का कार्यकाल पूरा होने के बाद लागू होगी।

सरकार के इस फैसले के साथ ही जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम को जयपुर हेरिटेज और ग्रेटर नगर निगम दोनों का प्रशासक नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में जोधपुर और कोटा के संभागीय आयुक्तों को भी उनके-अपने नगर निगमों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**शहरी प्रशासन में निरंतरता, पर जनता के काम पर असर की आशंका :**

सरकार का दावा है कि इस निर्णय से शहरी प्रशासन में निरंतरता बनी रहेगी और विकास कार्यों में रुकावट नहीं आएगी। हालांकि, स्थानीय स्तर पर कई नागरिकों ने चिंता जताई है कि पार्षदों और मेयर का कार्यकाल समाप्त होने के बाद जनता से जुड़े छोटे लेकिन जरूरी काम जैसे राशन कार्ड संशोधन, मूल निवास, जाति और आय प्रमाण पत्र, आरटीई आवेदन और पुलिस सत्यापन अब बाधित हो सकते हैं।

इन कार्यों के लिए लोगों को अब पार्षदों की बजाय सांसदों, विधायकों



या राजपत्रित अधिकारियों की सिफारिश की आवश्यकता पड़ सकती है।

**तीनों निगम होंगे एकीकृत, विकास कार्यों में बढ़ेगी समन्वय क्षमता :**

सरकार ने जयपुर, जोधपुर और कोटा के दो-दो नगर निगमों को एकीकृत करने का भी निर्णय लिया है। इससे पहले जयपुर में हेरिटेज और ग्रेटर, जोधपुर व कोटा में भी दो-दो निगम अलग-अलग कार्यरत थे। इन विभाजनों के कारण प्रशासनिक समन्वय की कमी और संसाधनों का बिखराव देखने को मिलता था।

अब एकीकरण के बाद बजट, विकास योजनाओं और जिम्मेदारियों का केंद्रीकरण होगा। इसके साथ ही स्ट्रीट लाइट, सीवर लाइन और बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्यों में गति आने की उम्मीद है।

**नई व्यवस्था से प्रशासनिक दक्षता में सुधार की उम्मीद :**

प्रशासकों की नियुक्ति से न केवल निर्णय प्रक्रिया तेज होगी बल्कि योजनाओं की निगरानी और कार्यान्वयन भी अधिक व्यवस्थित तरीके से किया जा सकेगा। सूत्रों के अनुसार, सरकार इस एकीकृत प्रणाली को अंतरिम संक्रमण काल मानते हुए इसे अगले चुनाव तक लागू रखेगी।

## नशे में रोडवेज बस चला रहा था चालक, 40 यात्रियों की जान खतरे में

**रायथल पुलिस की सतर्कता से बड़ा हादसा टला, चालक गिरफ्तार**

**भीलवाड़ा फोकस @ बूंदी ।**

जिले में एक रोडवेज बस चालक ने 40 से अधिक यात्रियों की जान जोखिम में डाल दी, लेकिन पुलिस की सतर्कता के कारण बड़ा हादसा टल गया। रायथल थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान नशे में धुत चालक को बस सहित गिरफ्तार कर लिया।

रायथल थाना प्रभारी राजाराम जाट ने बताया कि दीपावली के बाद सुरक्षा व्यवस्था के तहत खटखड़ के पास नाकाबंदी की गई थी। गुरुवार देर रात बूंदी से नैनवा जा रही तेज रफ्तार रोडवेज बस को रोकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने बस रोकने की बजाय गति बढ़ा दी। पुलिस टीम ने पीछा कर बस को कुछ दूरी पर रोका।

बस रुकने पर पुलिस ने देखा कि चालक की आंखें लाल और शरीर से




शराब की गंध आ रही थी। उसकी जुबान भी लड़खड़ा रही थी। मेडिकल जांच में अत्यधिक शराब पीने की पुष्टि हुई। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर बस जब्त कर ली।

एएसआई जय सिंह ने बताया कि बस का असली ड्राइवर सत्यनारायण पीछे की सीट पर सो रहा था। नशे में धुत दिनेश साहू निवासी दई, जो बस स्टाफ के रूप में सवार था, उसने शराब पी रखी थी और असली ड्राइवर के सो जाने पर बस चला रहा था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## स्वतंत्रता सैनानी बैरागी की प्रतिमा को उड़ाने की कोशिश , असामाजिक तत्वों ने रखा सुतली बम, लगातार दूसरी वारदात से ग्रामीणों में रोष

**देर रात खुलने वाली नॉनवेज दुकानों के आसपास की गतिविधियों पर नजर**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**


नगर में विजय सागर तालाब के पास स्थित किसान आंदोलन के अग्रदूत साधु सीताराम दास बैरागी की प्रतिमा को गुरुवार को उड़ने का प्रयास किया गया । घटना में अज्ञात लोगों ने विजय सागर तालाब किनारे स्थित स्मारक परिसर में सुतली बम रखकर विस्फोट करने की कोशिश की। हालांकि विस्फोट से मूर्ति को नुकसान नहीं पहुंचा गई । स्मारक समिति के अध्यक्ष उमा शंकर वैष्णव ने बताया कि विस्फोट से मूर्ति की सुरक्षा के लिए लगी फाइबर शीट फट गई और आसपास के हिस्से में बम के अवशेष है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।तालाब में नाव चला रहा एक युवक चश्मदीद गवाह है , जिसमे दो संदिग्ध युवकों को मूर्ति के पास विस्फोटक रखते हुए देखा था। जब उसने आवाज लगाई तो दोनों युवक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। घटना की जानकारी मिलते ही शुक्रवार सुबह पंचायत समिति सदस्य हितेन्द्र सिंह राजौरा, कांस्टेबल सुरेश मीणा और विजय सिंह मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने उमा शंकर वैष्णव की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व भी अज्ञात लोगों ने इसी मूर्ति को क्षतिग्रस्त करते हुए उसकी नाक तोड़ दी थी। लगातार दूसरी वारदात से क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है।

### स्मारक क्षेत्र के नजदीक स्थित इलाके में संदिग्ध गतिविधियां

स्मारक स्थल के आसपास कई नॉनवेज की दुकानें संचालित हैं, जो देर रात तक खुली रहती हैं। जानकारी के अनुसार, इन दुकानों पर अवैध रूप से शराब की बिक्री भी होती है। शुरुआती जांच में पुलिस यह संदेह जता रही है कि नशे में युवक इस घटना को अंजाम देने के लिए वहां आए हो सकते हैं।

### कौन थे साधु सीताराम दास बैरागी?

साधु सीताराम दास बैरागी न सिर्फ एक संत और समाज सुधारक थे, बल्कि किसान चेतना के प्रतीक भी थे।उन्होंने अपने जीवन में शोषण और अन्याय के खिलाफ किसानों की आवाज को बुलंद किया, और भीलवाड़ा सहित राजस्थान के कई इलाकों में आंदोलन खड़ा किया।उनकी वाणी ने हजारों किसानों में जागृति की लौ जलाई ÷किसान उठेगा तो भारत बचेगा÷ का उनका संदेश आज भी गूंजता है। साधु बैरागी का जीवन सरल था, पर उनके विचार प्रचंड थे। वे गांव-



गांव घूमकर किसानों को संगठित करते, शिक्षा और आत्मनिर्भरता का संदेश देते थे। आज उनका स्मारक केवल एक मूर्ति नहीं, बल्कि उस विचारधारा का प्रतीक है जिसने भारत की आज़ादी और किसान स्वाभिमान की लड़ाई में नई दिशा दी

## मूर्ति खंडित होने की प्रसारित भ्रामक सूचना का जिला प्रशासन ने किया खंडन

सोशल मीडिया पर एक वेब न्यूज पोर्टल द्वारा बिजौलिया कला में स्वतंत्रता सेनानी साधु सीताराम दास बैरागी की प्रतिमा को खंडित करने संबंधी खबरें प्रसारित की गईं। हालांकि, जिला प्रशासन ने इस सूचना को पूरी तरह भ्रामक बताते हुए इसका खंडन किया है। तहसीलदार बिजौलिया ललित कुमार डीडवानिया ने बताया कि वस्तुस्थिति यह है कि किसी पटाखे जैसी वस्तु के फेंकने या रखे जाने से प्रतिमा के चारों ओर लगे सुरक्षा फाइबर कवर में हल्की दरार आई है। मूर्ति पूर्णतया सुरक्षित है और उसे किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है। प्रशासन ने बताया कि पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए असामाजिक तत्वों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है। जिला कलेक्टर श्री संधू के निर्देशानुसार तहसीलदार ने स्वयं प्रतिमा स्थल का निरीक्षण कर फोटोग्राफ और वीडियो साक्ष्य तैयार किए हैं।

साथ ही, प्रशासन ने चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया पर इस तरह की भ्रामक या उत्तेजक सूचनाएं फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

CMYK

# वेल्डिंग की चिंगारी से लगी आग, बाड़े में रखी घास-लकड़ियां जलकर राख



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

अजमेर रोड पर शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक बिल्डिंग पर चल रहे वेल्डिंग कार्य के दौरान गिरी चिंगारी ने पास स्थित बाड़े में आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और बाड़े में रखी घास व लकड़ियां जलकर राख हो गईं। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार, पुराने अजमेरा हॉस्पिटल के सामने गली में एक बाड़ा स्थित है। पास की एक बिल्डिंग में वेल्डिंग का कार्य चल रहा था। इसी दौरान उड़ी एक चिंगारी बाड़े में रखे सूखे घास और लकड़ियों पर जा गिरी, जिसने पलभर में आग का रूप ले लिया। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और उन्होंने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी।

सूचना पर सुभाषनगर थाना पुलिस और दो दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि समय रहते आग आसपास के मकानों तक नहीं पहुंची, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

# तलवारों के साथ घूमते दो युवकों को बीगोद पुलिस ने धर दबोचा

**भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद ।**

थाना पुलिस ने गश्त के दौरान सड़क पर दो युवकों को तलवारें लेकर घूमते हिरासत में लिया है । पुलिस ने मौके से दो तलवारें जब्त करते हुए , दोनों युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर कार्रवाई की है ।

पुलिस ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि बरुंदनी से नया कुआं मार्ग पर दो युवक संदिग्ध रूप से तलवारें लेकर घूम रहे हैं। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवकों को रोका।

तलाशी के दौरान एक युवक के पास छोटी तलवार और दूसरे के पास बड़ी तलवार बरामद हुई। पूछताछ में दोनों की पहचान बनवारी (22) पुत्र नंदलाल धोबी और रवि कुमार (22) पुत्र रंगलाल धोबी, निवासी नया कुआं के रूप में हुई ।

पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर तलवारें जब्त की है ।पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# बच्ची से छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न के मामले में पुजारी को 5 साल का कठोर कारावास

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

एक पुजारी को 5 साल की बच्ची से छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न के प्रयास के मामले में दोषी मानते हुए कोर्ट ने 5 साल का कठोर कारावास और 18 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशिष्ट लोक अभियोजक धर्मवीर सिंह कानावत ने बताया कि बीते वर्ष 21 अप्रैल को पीड़िता की माँ ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया कि उसकी 5 साल की बेटी अपनी दादी के साथ मंदिर में पूजा के लिए गई थी। पूजा समाप्त होने के बाद जब बच्ची प्रसाद लेने के लिए पुजारी के पास गई, तो पुजारी ने बच्ची के साथ छेड़खानी की और उसके प्राइवेट पार्ट को छुआ।

अगले दिन जब बच्ची को दोबारा मंदिर जाने के लिए कहा गया तो वो डरी- सहमी हुई थी। मां के पूछने पर बच्ची ने पूरी घटना बताई, जिसमें उसने पुजारी द्वारा किए गए घिनौने कृत्य की जानकारी दी।

पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और उसे गिरफ्तार किया। अनुसंधान पूरा होने के बाद पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट पेश की। कोर्ट में ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष ने 12 गवाहों और 12 डॉक्युमेंट्स को पेश करने के बाद अपराध सिद्ध करवाया गया।

सभी साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के बाद, माननीय न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्र, पॉक्सो-1, भीलवाड़ा की कोर्ट ने पुजारी को दोषी पाया ओर उसे दोषी मानते हुए सजा सुनाई है।

# 2 साल से फरार 5 हजार रुपये के ईनामी अपराधी को गिरफ्तार किया



**भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद**

थाना पुलिस ने 2 साल से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के ईनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है ।

पुलिस ने बताया की 2023 के मामले में फरार चल रहे निलेश साल्वी 24 वर्ष, पुत्र भैरूलाल, निवासी कोदुकोटा, भीलवाड़ा को सूचना के आधार पर डिटेन किया है । पुलिस मामले की जांच में

# बडलियास थाना पुलिस व डीएसटी टीम की बड़ी कार्रवाई, अवैध बजरी परिवहन करते 8 ट्रैक्टर जब्त, काना गैंग का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ बडलियास।**

अवैध बजरी खनन और परिवहन पर सख्त कार्रवाई के तहत डीएसटी टीम और थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर 8 ट्रैक्टरों को जब्त किया है। साथ ही कुख्यात काना गैंग से जुड़े एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने थानाधिकारी देवराज सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन कर रेण क्षेत्र में कार्रवाई को अंजाम दिया है ।





पुलिस ने बताया की बडलियास सर्कल के रेण गांव स्थित बनास नदी क्षेत्र में अवैध बजरी खनन व परिवहन की गतिविधियों पर निगरानी रखी हुई थी। गश्त के दौरान टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए 8 ट्रैक्टर जब्त किए। सभी वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर संबंधित प्रकरण दर्ज किया गया है। खनिज विभाग के अभियंता को भी कार्रवाई की सूचना दी गई है।

अभियान के दौरान पुलिस ने काना गैंग, बन का खेड़ा से जुड़े पूर्व चालानशुदा और सक्रिय सदस्य नारायण जाट पुत्र हरदेव जाट निवासी बन का खेड़ा, थाना बडलियास को भी गिरफ्तार किया है। उसे धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# विधायक गोपीचंद मीणा बोले शिक्षा और संगठन से ही समाज आगे बढ़ेगा

## मीणा समाज विकास संस्थान जहाजपुर की ओर से वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह में 500 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।**

**गजानंद जोशी।** विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि समाज के युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा, सेवा और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। जब समाज संगठित होकर एक-दूसरे का सहयोग करता है, तभी वह वास्तविक रूप से प्रगति करता है। वे शुक्रवार को मीणा समाज विकास संस्थान, जहाजपुर द्वारा आयोजित वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों शिक्षा, खेल, कला, संस्कृति और राजकीय सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 500 से अधिक प्रतिभाओं को शील्ड, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

संस्थान के अध्यक्ष श्योजीराम मीणा की अध्यक्षता में हुए समारोह के





मुख्य अतिथि विधायक गोपीचंद मीणा, विशिष्ट अतिथि उपखंड अधिकारी राजकेश मीणा, तहसीलदार रवि कुमार मीणा, विकास अधिकारी सीताराम मीणा, समाजसेवी रामकुमार बाबा, जिला अध्यक्ष राकेश कुमार मीणा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में इस वर्ष आरएएस में चयनित सपना कुमारी मीणा, अरविंद मीणा और दिनेश मीणा का विशेष रूप से सम्मान किया गया। इसके साथ ही स्नेक रेस्क्यू एक्सपर्ट युधिष्ठिर मीणा को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने अब तक 3500 से अधिक वन्यजीवों को रेस्क्यू कर रामगढ़ विषधारी अभयारण्य में छोड़ा है।

कार्यक्रम में सभी सम्मानित प्रतिभाओं के शील्ड और मेडल की संपूर्ण आर्थिक व्यवस्था विधायक गोपीचंद मीणा द्वारा की गई।

बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक नृत्य और गीतों ने समारोह में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य रामेश्वरलाल मीणा पन्ना का खेड़ा ने किया, जबकि आयोजन संयोजक प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह मीणा (सरसिया) रहे। समारोह में समाज के प्रबुद्धजन, महिलाएं, युवा वर्ग, पंच-पटेल और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# युवती की मौत से फैला आक्रोश, ग्रामीणों ने जताया विरोध , देर रात सहमती के बाद धरना समाप्त

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**

अंटाली गांव की 19 वर्षीय युवती मनीषा भाटी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से पूरे क्षेत्र में रोष है । पांच दिन से लापता मनीषा का शव गुरुवार को गांव के ही खेत के कुएं में मिलने के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। हत्या की आशंका जताते हुए परिजनों ने शुक्रवार सुबह से धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया, वहीं शव को लेने से भी इंकार कर दिया। घटना के बाद गांव के सैकड़ों ग्रामीण एकत्रित हो गए। धरना स्थल पर आनंदपाल सिंह के छोटे भाई मंजीत पाल सिंह, गुलाबपुरा के पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष धनराज गुर्जर और जैतगढ़ सरपंच महावीर प्रसाद



पहुंचे तथा परिजनों से मुलाकात कर समर्थन जताया। शव आसींद मोर्चरी में रखा गया। परिजनों ने प्रशासन को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी, थाना शंभूगढ़ के देवाराम और राजेंद्र प्रसाद सिंह को हटाने, परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजा, एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने और केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग रखी। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। शाहपुरा एडिशनल एसपी राजेश आर्य, एसडीएम दिव्यराज सिंह चुंडावत, गुलाबपुरा डिप्टी जितेंद्र सिंह, अंटाली तहसीलदार गणेशलाल कच्छावा तथा थाना अधिकारी हनुमान सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों से संवाद किया।

वहीं पांच थानों से पुलिस जाप्ता और भीलवाड़ा पुलिस लाइन से अतिरिक्त बल बुलाया गया।

करीब 10 घंटे तक चले धरने के बाद प्रशासन और परिजनों के बीच देर रात वार्ता संपन्न हुई। अधिकारियों ने सभी मांगों को कलेक्टर तक पहुंचाने और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना समाप्त हुआ।हालांकि ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन फिर से शुरू किया जाएगा।



**QUICK BITES**

## हुरड़ा प्रधान कृष्णा सिंह राठौड़ को मिलेगा लौह पुरुष एकता अवार्ड

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा।



अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच एंव इण्डो-नेपाल समरा ऑर्गेनाईजेशन के सयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस समापन महोत्सव का आयोजन 31 अक्टूबर को जयपुर में रखा गया है। भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रथम उपप्रधानमंत्री भारत सरकार की जयन्ती समारोह में लौह पुरूष एकता अवार्ड से सम्मानित करने का कार्यक्रम भी रखा गया है। सांस्कृतिक सचिव विवेक स्वामी ने बताया कि वैश्विक शान्ति समरसता एंव चिचार प्रजेंटेशन में शिक्षा, चिकित्सा न्याय समाज सेवा, औधोगिक सेवा, प्रशासनिक सेवाओं की चयनित प्रतिभाओं में कृष्णा सिंह राठौड प्रधान पंचायत समिति हुरड़ा को लौह पुरुष एकता अवार्ड से अभिनन्दन किया जायेगा।

## पारोली में विधायक मीणा आज करेंगे कई  विकास कार्यों का लोकार्पण

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।



**गजानंद जोशी।** पारोली कस्बे के विकास के क्रम में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। विधायक गोपीचंद मीणा शनिवार को नवनिर्मित सुलभ कॉम्प्लेक्स, बड़े खाल क्षेत्र की पुलिया और भील बस्ती माताजी, बीड़ के बालाजी व गढ़ गहूंली माताजी के विश्रांति गृहों का लोकार्पण करेंगे।

जानकारी के अनुसार कस्बे के पंडित दीनदयाल बस स्टैंड पर निर्मित 5 लाख रुपये की लागत वाले सुलभ कॉम्प्लेक्स और लाखों रुपये की लागत से तैयार किए गए विश्रांति गृहों का उद्घाटन समारोह तीन बजे आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित बड़ा खाल की पुलिया और फेशवाल का भी लोकार्पण किया जाएगा।

प्रशासक प्रतिनिधि विनोद संचेती ने बताया कि समारोह में विधायक गोपीचंद मीणा के साथ प्रधान करण सिंह कानावत, मंडल अध्यक्ष दुर्गा लाल धाकड़, उप प्रधान जमनालाल डीडवानिया, सरपंच शिमला संचेती, उप सरपंच लादू लाल कीर सहित कई जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

लोकार्पण के बाद विधायक मीणा और प्रधान करण सिंह दीनदयाल बस स्टैंड पर जनसुनवाई करेंगे। इस दौरान आम जनता को संबोधित कर स्थानीय विकास के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

प्रशासक शिमला संचेती ने बताया कि यह लोकार्पण पारोली के विकास में एक नया अध्याय साबित होगा और जनता की अपेक्षाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com

वेब: www.bhilwarafocus.com

# श्रीनगर में दो साल से अधूरा पड़ा आंगनबाड़ी भवन, निजी मकान में चल रहा केंद्र

भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास।








कोदूकोटा ग्राम पंचायत के श्रीनगर गांव में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण दो साल से अधूरा पड़ा है, जिससे ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व सरपंच और सचिव की लापरवाही के कारण निर्माण कार्य अधूरा है। करीब 10 लाख रुपये की स्वीकृति मिलने के बावजूद भवन अधूरा है और अब आंगनबाड़ी केंद्र निजी मकान में चल रहा है।

आंगनबाड़ी केंद्र का काम 1 जनवरी 2023 से शुरू होकर 31 मार्च 2024 तक पूरा होना था, लेकिन अब तक केवल नींव और दीवारें ही बनी हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण की राशि बंदरबांट में चली गई, जबकि सचिव बार-बार आश्वासन देते रहे। सरपंच कैलाश देवी शर्मा ने कहा कि पहली किश्त में 5 लाख रुपये जारी किए गए थे, लेकिन पूर्व सरपंच ने पूरी राशि निकाल ली। ग्राम पंचायत खाते में अब धन शेष नहीं है।

पूर्व सरपंच मोनिका किर जगदीश किर ने सफाई दी कि सरकार से बजट नहीं मिला, इसलिए कार्य अधूरा है। बीडीओ गुलाब गुर्जर ने कहा कि इस मामले की जानकारी नहीं थी, यदि ग्रामीण लिखित शिकायत देंगे तो जांच कराई जाएगी।

# सिंगोली चारभुजा मंदिर को भक्त ने भेंट किया ट्रैक्टर

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



**(रमेश चंद्र डाड)।** मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सिंगोली चारभुजा मंदिर में स्वच्छता, सफाई और अन्य सेवा कार्यों के लिए देवरिया गांव के श्रद्धालु सोहनलाल जोशी ने एक ट्रैक्टर भेंट किया।

मंदिर प्रबंधक अर्जुन सिंह सोलंकी और भंडारी सुरेंद्र कुमार पाराशर ने बताया कि यह ट्रैक्टर सिंगोली श्याम सेवा संस्थान को समर्पित किया गया है, जिससे मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र की सफाई व जनसेवा कार्यों में बड़ी सुविधा मिलेगी।

संस्थान के संरक्षक पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में अध्यक्ष भवानी शंकर जोशी, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पुरावत, कोषाध्यक्ष छगनलाल पांड्या, सचिव राधेश्याम सेन और सह सचिव दिनेशचंद्र स्वर्णकार सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में संस्थान द्वारा मंदिर विकास और जनहित से जुड़े कई कार्य करवाए गए हैं।

मंदिर समिति ने सोहनलाल जोशी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भेंट श्रद्धा और सेवा भावना का प्रतीक है, जिससे मंदिर परिसर की स्वच्छता व्यवस्था और सुदृढ़ होगी।

# असहाय महिला के भूखंड पर माफियाओं की दबंगई

## दो जेसीबी और ट्रैक्टरों से मचाया हंगामा, दी धमकियां कार्रवाई की गुहार

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



थाना क्षेत्र के श्यामपुरा गांव में एक असहाय महिला के भूखंड पर कुछ लोगों द्वारा दबंगई कर दो जेसीबी और ट्रैक्टरों की मदद से तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपियों ने न केवल भूखंड पर बने पत्थर की दीवार और हरे-भरे पेड़-पौधे उजाड़ दिए, बल्कि मौके से पत्थर भी चुराकर ले गए।

पीड़िता सम्पत देवी पुत्री रामचंद्र खटीक ने बताया कि यह भूखंड उनके पिता द्वारा करीब 70 वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत के सामने दिया गया था, जिस पर वर्षों से परिवार का कब्जा था। लेकिन कुछ लोगों ने जबरन कब्जे की नीयत से मौके पर आकर उत्पात मचाया और उन्हें गाली-गलौज व धमकियां दीं।

घटना के बाद पीड़िता ने मांडलगढ़ थाना, श्यामपुरा चौकी सहित संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी, परंतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर अब जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए भूखंड से गायब पत्थर व काटे गए वृक्षों को बरामद किया जाए और भविष्य में सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ताकि इस प्रकार की घटनाएं दोबारा न हों।

# गुर्जर समाज की मिसालः बासड़ा में मृत्यु भोज और डीजे पर रोक का निर्णय

## समाज की बैठक में कुरीतियों को समाप्त कर शिक्षा को बढ़ावा देने का लिया संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



ग्राम पंचायत गुंदली के अंतर्गत बासड़ा गांव में दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम के अवसर पर गुर्जर समाज की बैठक आयोजित हुई। बैठक में समाज सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

समाज के पंचों और युवाओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अब से मृत्यु भोज में केवल एक समय का भोजन और एक मिठाई ही दी जाएगी। साथ ही मृत्यु भोज में कपड़े बांटने और शादियों में डीजे बजाने पर भी रोक लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि समाज में शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि नई पीढ़ी जागरूक और सशक्त बन सके।

इस निर्णय का समाज के सभी पंच, पटेल और युवाओं ने स्वागत किया और कहा कि यह कदम समाज में सादगी, एकता और सुधार की दिशा में बड़ा परिवर्तन साबित होगा। बैठक में गुर्जर समाज के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# विधायक खंडेलवाल ने गेणोली-मोहनपुरा का दौरा किया

## ग्रामीणों से मिले, विकास कार्यों की प्रगति जानी और समस्याएं सुनीं

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

विधायक गोपाल खंडेलवाल ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत गेणोली के मोहनपुरा गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली।




विधायक खंडेलवाल ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीब से गरीब व्यक्ति तक समय पर पहुंचे, यह उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि गेणोली ग्राम पंचायत में खेल मैदान में हेडपंप स्थापना व चारदीवारी निर्माण कार्य शुरू किया जा चुका है, वहीं कुंडलिया ग्राम में सड़क निर्माण का वादा भी किया गया है।

इस अवसर पर भाजपा नेता लादूलाल गढ़वाल, युवा नेता मांगीलाल मीणा, हेमराज मोरी, किशन माली, बलदरखा भाजपा बूथ अध्यक्ष सत्यनारायण सुथार, मुकेश पाराशर, कालू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिवनगर में परचुनी दुकान से चोरी, 33 हजार नगद और मोबाइल उड़ा ले गए चोर

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

**गजानंद जोशी।** शिवनगर क्षेत्र में गुरुवार रात चोरों ने परचुनी दुकान से नगद और मोबाइल चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार, जहाजपुर रोड स्थित मांगीलाल माली की दुकान और मकान के पास होने के बावजूद चोरों ने देर रात दुकान की जाली तोड़कर लकड़ी की पलाई और तिरपाल हटाया और 33,000 रुपये नगद और एक मोबाइल फोन चोरी कर ले गए।



पड़ोसियों ने रात को ही बिखरा हुआ सामान देखा और दुकान के गल्ले के गायब होने की जानकारी दी। माली ने बताया कि दीपावली के दौरान दुकान में रखा उनका निजी पैसा भी चोरी हो गया।

इससे पहले कुछ माह पहले भी दुकान के पास स्थित अन्य परचुनी दुकान से चोरी की वारदात हो चुकी थी। वहीं, करीब 10 दिन पहले शिवनगर के एक गोदाम से भी पानी की बड़ी मोटर चोरी हुई थी।

स्थानीय लोग चोरों के बढ़ते हौसले से चिंतित हैं और उनका कहना है कि पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद है । क्षेत्र में रोजाना छोटी-मोटी चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं।

# मेजा बाँध भरा, लेकिन नहरें गंदगी से भरी

## प्रशासन ने सिंचाई के लिए पानी छोड़ा, लेकिन घास-फूस और कचरे के कारण खेतों तक पानी नहीं पहुंच रहा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

मेजा बाँध इस बार पानी से लबालब भरा हुआ है और प्रशासन ने सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़ा है। लेकिन स्थानीय किसानों का कहना है कि नहरें जर्जर हालत में हैं और उनमें जमा गंदगी व कचरा पानी के खेतों तक पहुँचने में बाधा डाल रहे हैं।



पंचवटी और राधेनगर से निकलने वाली नहरें पूरी तरह से घास-फूस और कचरे से भरी हुई हैं। कई जगह नहरों की दीवारें टूटी हुई हैं और रिसाव हो रहा है। बड़ी हरणी निवासी किसान सोहनलाल तेली ने कहा, ÷सरकार कहती है सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी छोड़ा गया है, लेकिन नहरों की सफाई नहीं करवाई गई। ऐसे में पानी रास्ते में ही रिसकर या गंदगी में फंसकर बर्बाद हो जाएगा।÷

स्थानीय किसानों ने बताया कि कई बार नहरों की मरम्मत और सफाई के लिए विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नहरों के किनारे झाड़ियाँ उग आई हैं, जिससे निगरानी और सफाई कार्य करना मुश्किल हो गया है।

कृषक संगठनों का कहना है कि जब तक नहरों की सफाई पूरी नहीं होती, तब तक पानी छोड़ना व्यर्थ है। यह न केवल पानी की बर्बादी है, बल्कि किसानों के साथ अन्याय समान है। उन्होंने मांग की है कि नहरों की तत्काल सफाई और मरम्मत की जाए ताकि टेल तक पानी पहुँच सके और रबी फसल की बुवाई समय पर हो सके।

ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी अपील की है कि वे नहरों की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण कर विभाग को आवश्यक निर्देश दें। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

# यूआईटी की लॉटरी में गड़बड़ी का आरोप, असफल आवेदकों में आक्रोश, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

## लॉटरी में अनियमितताओं का आरोप , प्रदर्शनकारियों ने कहा कि प्रक्रिया में सॉफ्टवेयर से छेड़छाड़ और बंदरबांट हुई





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

नगर विकास न्यास यूआईटी द्वारा 16 अक्टूबर को 3081 प्लॉट के लिए करवाई गई लॉटरी में कथित गड़बड़ी और भ्रष्टाचार को लेकर असफल आवेदकों में भारी आक्रोश देखने को मिला।

भीलवाड़ा बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले आज सैकड़ों लोगों ने नगर विकास न्यास (यूआईटी) द्वारा निकाली गई रियायती आवासीय भूखंडों की लॉटरी के विरोध में कलेक्ट्रेट का रुख किया और अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व विजयपाल सिंह, कांग्रेस नेता ओमप्रकाश नराणीवाल और नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक ने किया। प्रदर्शन में विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने भी भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने नगर विकास न्यास के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि लॉटरी प्रक्रिया में अनियमितताएँ और बंदरबांट हुई हैं। उनका कहना था कि इससे पात्र आवेदकों के साथ अन्याय हुआ और कुछ लाभार्थियों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया।

ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा गया कि यदि इस मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच नहीं हुई, तो भीलवाड़ा के युवा सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शनकारियों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को 15 दिन का अल्टीमेटम भी दिया। उन्होंने मांग की कि यूआईटी अधिकारियों द्वारा की गई कथित अनियमितताओं की जांच कर दूध का दूध और पानी का पानी किया जाए।

स्थानीय नागरिकों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इस तरह की लॉटरी प्रक्रिया न केवल उनके अधिकार प्रभावित कर रही है, बल्कि समाज में विश्वास की भावना भी कम कर रही है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि मामले की तुरंत और पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जाए।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पूरी लॉटरी प्रक्रिया में सॉफ्टवेयर से छेड़छाड़ की गई, मिलीभगत हुई और आम लोगों के साथ अन्याय हुआ। कुछ भूमाफियाओं के परिवारों को तीन-तीन प्लॉट आवंटित किए गए। किसानों और स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो वे और कड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## QUICK BITES

### बस स्टैंड के पास बना खड्डा और बंद बल्बों से राहगीरों व वाहन चालक परेशान

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद ।**



नगरपालिका के नजदीक स्थित बस स्टैंड से मुख्य बाजार और बालाजी चोक तक जाने वाले मार्ग पर एक बड़ा खड्डा करीब एक वर्ष से बेहाल हालत में पड़ा है। इस खड्डे के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को गंभीर असुविधा हो रही है, लेकिन नगरपालिका प्रशासन ने अभी तक इसे दुरुस्त कराने की जहमत नहीं उठाई है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार यह खड्डा इतना बड़ा है कि छोटे वाहन, दोपहिया और चौपहिया वाहन आसानी से इसमें फंस जाते हैं। कई बार थैले, खोमचे और लारी भी खड्डे में फंसकर पलट चुके हैं। राहगीरों का कहना है कि मरम्मत न होने के कारण दिन-प्रतिदिन बढ़ती भीड़ और वाहनों की आवाजाही में जोखिम बढ़ रहा है।

नगरपालिका प्रशासन से जनहित में तत्काल खड्डे की मरम्मत शुरू कर आम लोगों को राहत देने की मांग की जा रही है। साथ ही, स्थानीय क्षेत्र में बिजली के पोलों पर लगे कई बल्ब खराब पड़े हैं। लोगो का कहना है कि दीपावली के दौरान बस स्टैंड और बाजारों में भव्य रोशनी थी, लेकिन गली-मोहल्लों में सरकारी बिजली के पोलों पर लगे बल्ब बंद होने के कारण अंधेरा छाया रहा।

### आकड़सादा और आसींद बने जिला स्तरीय कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता विजेता

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



जिला स्तरीय कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आकड़सादा-गोपालपुरा में 70 गाँव चौखला रेगर समाज सुधार समिति जूना मंदिर शंभुगढ़ के बैनर तले दो दिनों तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कबड्डी में आकड़सादा और वॉलीबॉल में आसींद टीम विजेता बनी। प्रतियोगिता में जिले भर से कुल 24-24 टीमों ने भाग लिया।

कबड्डी प्रतियोगिता संयोजक देवकरण रेगर ने बताया कि कुल 24 टीमों ने हिस्सा लिया। विजेता टीम आकड़सादा रही, उपविजेता कोट और तृतीय स्थान संशिता क्लब भीलवाड़ा ने हासिल किया।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता संयोजक बाबूलाल रेगर ने बताया कि वॉलीबॉल में भी 24 टीमों ने भाग लिया। विजेता टीम आसींद रही, उपविजेता अंटाली और तृतीय स्थान पर बागौर रही।

उद्घाटन समारोह में मेवाड़ रेगर समाज मात्रकुंडिया के अध्यक्ष नाथूलाल तुनगरिया मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रिटायर एडिशनल एसपी गोपाल लाल हिंडोनिया उपस्थित रहे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नरेन्द्र कुमार रेगर विधायक प्रत्याशी शाहपुरा और अध्यक्षता विजय लाल फुलवारिया ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सोहन लाल भोजपुरिया जिलाध्यक्ष डॉक्टर अम्बेडकर वेलफेयर सोसाइटी, पूर्व अध्यक्ष रामलाल सुकरिया, परमेश्वर व्यास, भूरा लाल रेगर, लाला राम, चौथमल कांसोटिया, प्रकाश सिंह रावत, पारसमल रेगर और मोती लाल कांसोटिया उपस्थित रहे।

समापन समारोह आयोजक कमेटी ने विजेता टीमों को नकद पुरस्कार और मोमेंटो प्रदान किए। विजेता टीमों को 9,000 रुपये, उपविजेता 6,000 रुपये और तृतीय स्थान पर रही टीम को 3,000 रुपये नकद राशि दी गई।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।